हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, रविवार, 19 अक्टूबर 2025



14 विद्यार्थियों ने स्वदेशी व प्रदूषण मुक्त दीपावली...





14 विद्यार्थियों ने अशोका इंटरनेशनल स्कूल को...















## दीपावली पर्व हर्षोल्लास और सांस्कृतिक धूमधाम से मनाया

# विद्यार्थियों ने श्रीराम की लीलाओं पर आधारित कविताएं सुनाकर मनमोहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

एम आर स्कूल हसनपुर में दीपावली पर्व हर्षोल्लास और सांस्कृतिक धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों और सुंदर प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्व की महत्ता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान और निदेशिका संगीता कोडान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। विद्यार्थियों ने श्रीराम की लीलाओं पर आधारित कविता, समूह नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां दी, वहीं विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियां भी बनाई।







### श्रीराम आएंगे गीत के माध्यम से की चरण वंदना

**झज्जर।** न्यूटन स्कूल में दीवाली पर्व के उपलक्ष्य रामदरबार की झांकी प्रस्तुत की गई। विद्यालय निदेशक बालेश काद्यान, मनोज भारद्वाज, अश्वनी खासा, प्रबंधक महोदय रोहताश सिंह, मुख्याध्यापिका उर्मिल बेनीवाल ने श्रीराम चंद्र और माता सीता का राजतिलक करके श्री राम व माता सीता की चरण वंदना की। विद्यार्थियों ने राम आएंगे गीत के माध्यम से श्री राम के चरणों में वंदनीय प्रस्तुति दी।

### ब्रिगेडियर रण सिंह पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया दीपोत्सव

**झज्जर।** ब्रिगेडियर रणसिंह पब्लिक स्कूल दुजाना में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के चेयरमैन शमशेर सिंह अहलावत, नंदिता अहलावत, कमांडर बी के शर्मा, प्राचार्या रजवंती अहलावत ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात दीपावली की थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा नर्सरी से लेकर दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतिभागियों के रंग-बिरंगे परिधानों और गुजराती, हरियाणवी और अन्य नृत्य द्वारा सभी का मनोरंजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा योगा प्रदर्शन ने खूब तालियां बटोरी।

### त्रिवेणी स्कूल में मनाया दीपोत्सव

**बहादुरगढ़।** शहर के त्रिवेणी स्कूल में दीपावली पर विविध सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विशेष प्रार्थना सभा के दौरान स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा, उप निदेशिका सुमित्रा मेहला तथा प्राचार्य अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलन किया। विद्यार्थियों ने दीपावली के संदेश, कविता और नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कक्षा पहली व दूसरी ने आकर्षक दीये व मोमबत्ती सजाई। तीसरी से 5वीं तक बच्चों ने दीवाली वॉल हैंगिंग क्राफ्ट तैयार किए। छठी से 12वीं तक के बच्चों ने थाली सजाओ व रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उपनिदेशिका सुमित्रा मेहला ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



*मेहंदी प्रतियोगता में दसवीं कक्षा की छात्रा तान्या प्रथम*

# विद्यार्थियों ने स्वदेशी व प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

दा हाइट्स संस्थान में दीपावली पर्व पर विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ स्वदेशी और प्रदूषण मुक्त दीपावली का संदेश दिया। संस्थान में मेहंदी, रंगोली, कक्षा सज्जा और पेंटिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेहंदी प्रतियोगता में दसवीं कक्षा की छात्रा तान्या ने पहला, बारहवीं कक्षा की शिवांगी ने दूसरा और ग्यारहवीं कक्षा की उन्नति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं की छात्राओं ने पहला, कक्षा दसवीं कक्षा की छात्राओं ने दूसरा और ग्यारहवीं कक्षा के लड़कों की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान निदेशक नवींद्र कुमार ने होनहार प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**झज्जर।** होनहार प्रतिभागी विद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

# हर्षोल्लास से मनाई दीपावली



**बहादुरगढ़।** दीपावली पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

शनिवार को शहर के मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, दीपों और रंगोलियों से सजाया गया।

### प्रदूषण-रहित दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजीव कुमार और व्यवस्थापक ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र दहिया ने दीप प्रज्वलन कर किया। छात्रों ने दीपावली पर गीत, कविताओं, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का सुंदर संदेश दिया। रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, दीया सजावट और कार्ड मेकिंग जैसी गतिविधियों ने बच्चों की सृजनात्मक प्रतिभा को उजागर किया। स्कूल चेयरमैन डॉ. राकेश सांगवान, संचालिका उर्मिला सांगवान व भुवनेश संगवान ने बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित व प्रदूषण-रहित दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया।

### महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल में मनाया पर्व



बहादुरगढ़। दीपावली के पावन अवसर पर महाराजा अग्रसेन केदार नाथ गुप्ता मेडिकल कॉलेज एवं महाराजा अग्रसेन सतनारायण गुप्ता हॉस्पिटल में विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीपोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, विद्यार्थी एवं कर्मचारी बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ उपस्थित रहे। पूजा के पश्चात दीप प्रज्वलन कर सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्य सलाहकार राजेश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम गर्ग, महामंत्री त्रिलोकी नाथ, महामंत्री संजय गुप्ता, सह-कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीनिवास गुप्ता, उपाध्यक्ष संत राम गोयल, मंत्री ओपी गर्ग, मुख्य सलाहकार राजकुमार गुप्ता व सदस्य सत्यनारायण अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान हॉस्पिटल के मूल मंत्र सेवा ही संकल्प, स्वस्थ समाज हमारा लक्ष्य को दोहराया गया। सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी मरीजों की सेवा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं एवं चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता प्रदान करना संस्थान की प्राथमिकता रहेगी।

### दीपावली का महत्व समझाया

**बहादुरगढ़।** नाहरा-नाहरी रोड स्थित श्रीस्वामी समर्थ इंटरनेशनल विद्यालय में दीपावली कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा तक के बच्चों की पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा तीसरी से लेकर आठवीं तक के बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता, दीया डेकोरेशन, पेपर कटिंग में कला का प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय के कमरों की सजावट की। कक्षा नौवीं से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने लघु नाटिका, रंगोली प्रतियोगिता, बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। स्कूल निदेशक अभिषेक छिल्लर ने दीपावली का महत्व समझाया और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर ही त्योहार मनाने का संकल्प दिलाया। विद्यालय के प्रिंसिपल किशोर कुमार ने भी अपना शुभ संदेश दिया।



### विद्यार्थियों ने अशोका इंटरनेशनल स्कूल को सजाया



**बहादुरगढ़।** निदेशिका व शिक्षकों के साथ अशोका स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** अशोका इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, दीपों और फूलों से सजाया गया। छात्र-छात्राओं ने दीपावली से जुड़ी नाटिकाएं, कविताएं, गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। प्रिंसिपल जैनेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्रों से यह भी अपील की कि वे पटाखों के बजाय पर्यावरण सुरक्षित ग्रीन दीवाली मनाएं। विद्यालय में क्लास डेकोरेशन व रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। स्कूल निदेशिका विजयलक्ष्मी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

# कैंब्रिज विद्यालय में धूमधाम से मनाया दीवाली कार्यक्रम

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीवाली पर्व के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के बच्चों ने दीया बनाओ, कैंडल बनाओ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया। साथ ही राम जी घर आए नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों ने दीया सजाओ एवं रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में बच्चों ने राम, लक्ष्मण, सीता, भरत और शत्रुघ्न के रूप में मंच पर आकर अद्भुत अभिनय प्रस्तुत किया, जिसे देखकर उपस्थित सभी अतिथि और शिक्षक अभिभूत हो उठे।



### बच्चों ने बनाई सुंदर रंगोली

**बहादुरगढ़।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में दीपावली पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने दीया डेकोरेशन, पूजा थाली सजावट और रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी रंगोलियों और सजे हुए दीयों ने पूरे विद्यालय को दीपावली की चमक से भर दिया। प्रिंसिपल ललिता ने कहा कि दीपावली का असली अर्थ प्रकाश, खुशियों और सद्भावना फैलाना है। उन्होंने सभी से ग्रीन और सेफ दीपावली मनाने का संदेश दिया ताकि पर्यावरण व जीव-जंतुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम का समापन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उल्लास के साथ हुआ।



**बहादुरगढ़।** रंगोली बनाती श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल की छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### दीपावली कार्निवल में विद्यार्थियों ने लगाए स्टॉल

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर में एक भव्य दीपावली कार्निवल का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और उत्साह का परिचय देते हुए तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों, खेलों और मिट्टी के दीयों की आकर्षक स्टॉल लगाई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से दीपावली के संदेश और परंपरा को खूबसूरती से प्रस्तुत किया।



### रंगोली व दीया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**झज्जर।** एसकेजी स्कूल में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में रंगोली एवं दीया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तथा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपने-अपने हाऊस की ओर से उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन अध्यापिका आरती, रेखा और सुदेश ने किया। एसकेजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष राय सिंह, निदेशक श्याम सिंह तथा प्राचार्य पवन कुमार ने होनहार प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### एचडी साल्हावास में दीया सजाकर मनाया पर्व

**झज्जर।** एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें दूसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने दीया सजाओ व पोस्टर मेकिंग द्वारा वहीं कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने रंगोली सजाकर व बोर्ड डेकोरेशन करके पावन पर्व दीपावली पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। एच डी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार दीप जलाकर अंधेरे को समाप्त किया जाता है, उसी प्रकार हमें अपने अंदर के अज्ञान को समाप्त करके ज्ञान का प्रकाश फैलाना चाहिए।



## दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक

# रामायण प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में पोस्टर बनाओ, रामायण प्रश्नोत्तरी, थाल सज्जा, दीप सज्जा तथा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी सृजनात्मकता, ज्ञान एवं कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्य जयप्रकाश यादव ने भगवान श्रीराम की वंदना करते हुए किया। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है, जो हमें सदैव धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूल स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### डीएवी में वैदिक तरीके से मनाई दीपावली

**बहादुरगढ़।** शहर के डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में वैदिक संस्कार पुण्यमास के अंतर्गत दीपावली का त्योहार बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रधानाचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने आर्य ब्रह्मजीत छिकारा व जयपाल दहिया के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित किया। मंच संचालन कक्षा 12वीं की आरजू और नीतिशा ने किया। विजय शैलानी और प्रेम के मार्गदर्शन में छात्राओं ने सामूहिक चौपाइयां गाई। कशिश और इशिका ने लव-कुश के अभिनय के माध्यम से राम कथा सुनाई। वंशिका शर्मा और स्नेहा ने अपने भाषण में दीपावली का महत्व समझाया। आठवीं की छात्रा समीक्षा और 12वीं की छात्रा हर्षिता ने अपनी कविताओं से प्रभावित किया। इस दौरान कलश सजावट, रंगोली कला, हस्तकला आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, रविवार, 19 अक्टूबर 2025

16 बुराई का अंधकार मिटाएं, सच्चाई का प्रकाश...



16 एचडी साल्हावास में सीबीपी की दो दिवसीय






## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। त्रिवेणी स्कूल में लगी दीवाली स्टॉल। फोटो : हरिभूमि

### नेकी की दीवार और दीवाली स्टॉल लगाई

**बहादुरगढ़।** शनिवार को त्रिवेणी स्कूल में अध्यापक-अभिभावक बैठक के दौरान नेकी की दीवार लगाई गई। दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की एक दिवाली स्टॉल भी लगाई गई। नेकी की दीवार के लिए सभी ने कपड़े, स्टेशनरी, खिलौने और अन्य उपयोगी वस्तुएं लाकर योगदान दिया। कई शिक्षकों ने नेक काम में भागीदारी निभाई। स्टॉल में दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाई गई मोमबत्तियां, ग्रीटिंग कार्ड्स व सजावटी सामान की खूब बिक्री हुई।

### सड़क दुर्घटना में गाड़ी चालक की गई जान

**झज्जर।** शुक्रवार देर रात कोसली रोड पर जटवाड़ा गांव के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में गाड़ी चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव उखलचना निवासी करीब तीस वर्षीय राहुल के तौर पर हुई है। मृतक राहुल कोसली में एक ऑटोमाबाइल शौरूम पर कार्यरत था। जब वह देर रात ड्यूटी से गाड़ी में सवार होकर घर लौट रहा था तो जटवाड़ा गांव के पास अचानक एक बेसहारा पशु आ गया और उससे गाड़ी जा टकराई। राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों से हादसे की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।

## दीपोत्सव शुरूः दिनभर बाजार में खरीदारों की रही गहमा-गहमी, व्यापारियों ने कूटी चांदी

# धनतेरस पर बाजार में बरसा धन

**ज्वेलर्स की दुकानों पर शुभ मूर्हत में ग्राहकों ने पहुंचकर खरीदा सामान**

*घरेलू सामान के साथ गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमाएं भी लोगों ने खूब खरीदीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

धनतेरस के उल्लास में डूबे लोगों ने शनिवार को जमकर खरीदारी की। बर्तन और सोने चांदी के आभूषणों से लेकर इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों की खूब बिक्री हुई। कंपनियों ने भी उपहार आदि की योजनाओं के जरिए ग्राहकों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। घरेलू सामान व मिठाइयों के साथ गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमाएं भी लोगों ने खरीदीं। शनिवार को धनतेरस के मौके पर वाहन खरीदने वालों की भी लाइन लगी रही। इस शुभ दिन का लाभ उठाने के लिए लोगों ने सप्ताह भर पूर्व ही शो-रूम पर वाहनों की बुकिंग करा दी थी। धनतेरस के दिन नए बर्तन व अन्य उपयोगी सामान खरीदने की परंपरा है। इसी परंपरा के तहत दीपावली के दो दिन पूर्व पड़ने वाले इस त्योहार पर लोगों ने खूब खरीदारी की। दुकानदारों ने भी अपने प्रतिष्ठान फूल मालाओं से सजाकर रखे।

### भीड़ देर रात तक रही

सुबह से ही बाजार में ग्राहकों की काफी भीड़ रही जो देर रात तक देखी गई। हर आयु वर्ग के लोगों ने बाजारों में जाकर अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार खरीदारी की। बर्तन व्यवसायी सुधीर जैन की मानें तो इस बार भी बर्तन खरीदने की परंपरा के चलते लोगों ने बर्तन की खूब खरीदारी की। कटोरी और ग्लास सबसे अधिक बिके। सुबह दस बजे से बाजारों में शरू हुई बर्तन की बिक्री देर रात तक चलती रही। किसी ने चम्मच खरीदा तो कोई माइक्रोवेव लेकर अपने घर गया। ज्वैलर्स जयभगवान सोनी का कहना है कि आभूषणों की खरीद भी अच्छी रही है। मध्यम वर्गीय परिवारों ने महंगी होने के बावजूद चांदी खरीदी और उच्च आयवर्ग के लोगों ने स्वर्ण आभूषण खरीदे। कपड़ा व्यवसायी संजय सिंहल के अनुसार पिछली बार की अपेक्षा इस बार ग्राहकों की संख्या कम रही।



बहादुरगढ़। रेलवे रोड पर शनिवार को धनतेरस के दिन बर्तन खरीदते लोग, कटोरी और ग्लास सबसे अधिक बिके। फोटो : हरिभूमि

**पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी बखूबी निभाते नजर आए।**

### सजावटी झालरों की जमकर हो रही बिक्री

बहादुरगढ़। दीपावली पर बाजार में दुकानों की सजावट शबाब पर है। इसके लिए बाजार में कई तरह की सामग्री उपलब्ध है। लोग साज सज्जा के लिए विशेष तौर पर झालरें खरीदते हैं। बाजार में भी इनकी कई वैरायटी उपलब्ध हैं। रंगों की बात हो या फिर पसंद की, बाजार में एक से बढ़कर एक तरह की झालर उपलब्ध है। महिलाएं घर सजाने को लेकर बेहद उत्सुक दिखाई देती हैं, जिसके चलते वह जमकर खरीददारी कर रही हैं। महिलाएं सजावट के लिए स्टिकर, बांधने के लिए बंधनवार, लक्ष्मी पांव के छाप वाले स्टिकर भी जमकर खरीद रही हैं। लोग घर के मुख्य द्वार को सजाने के लिए तरह-तरह के बंधनवार खरीद रहे हैं। कोई रंग बिरंगे फूलों वाले बंधनवार, तो कोई शुभ लाभ लिखा हुआ तोरन खरीद रहा है। पसंद और बजट के अनुसार इनकी खरीदारी की जा रही है। बंधनवार की कीमत 50 से लेकर 400 रुपए तक है। घर को फूलों से सजाना काफी महंगा पड़ता है, इसलिए लोगों को कागजी फूलों से बनी झालरें आकर्षित कर रही हैं। क्योंकि इनकी

#### डिजाइनर दीयों की भरमार



दीपावली के अवसर पर दीयों के महत्व को देखते हुए इन पर काफी प्रयोग किए जा रहे हैं। इस बार डिजाइनर दीये लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। ग्राहक रंग बिरंगे इलेक्ट्रिक दीये देखकर आकर्षित हो रहे हैं। बाजारों में बिकने आए दीये पर डेकोरेशन लोगों को बहुत भा रहा है और वे इसे खरीद रहे हैं। डिजाइनर दीये पारंपरिक होने के साथ घर की खूबसूरती बढ़ा रहे हैं।



झज्जर। धनतेरस पर्व पर बाजार में उमड़ी लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

## बाजार में अन्य सामान की बिक्री के साथ-साथ झाड़ू की रही खूब डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

धनतेरस पर्व के साथ ही दीपोत्सव शुरू हो गया। दीपोत्सव के पहले दिन बाजार में जहां स्वर्णकारों, बर्तन भंडार संचालकों व परचून विक्रेताओं की दुकानों पर ग्राहकों की खासी भीड़ रही वहीं अन्य सामान विक्रेता भी बिक्री को लेकर खुश नजर आए। अलसुबह से बाजार में ग्राहक आने शुरू हो गई। आहिस्ता-आहिस्ता बढ़ी ग्राहकों की तादाद से बाजार फुल नजर आए। बाजार में अधिक भीड़ जमा न हों तथा यातायात सुचारू रहे इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जहां बाजार में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई वहीं बाजार के मुहानों पर बैरिकेड्स लगाकर बाजार में घुसने वाले चौपहिया वाहनों पर नियंत्रण रखा।

**पुलिस रही तैनातः** बाजार में तैनात पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी बखूबी निभाते नजर आए। वैसे तो बाजार में ग्राहकों द्वारा सभी सामानों की खरीददारी पर जोर रहा लेकिन लोगों ने मुख्यतः चांदी के सिक्के, सोने की अंगूठी, स्टील के बर्तन व झाड़ू की खरीददारी की। झाड़ू खरीदने का यह सिलसिला सुबह से शुरू होकर देर सायं तक जारी रहा। बाजार में अधिकांश लोग अन्य सामान के साथ-साथ झाड़ू हाथों में लिए नजर आए। बाजार में मौजूद ग्राहकों की भीड़ में महिलाओं की तादाद अपेक्षाकृत अधिक रही।

#### झाड़ू खरीदने की प्राचीन परंपरा



धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने की प्राचीन परंपरा के चलते शनिवार को लोगों ने अन्य सामान की खदीददारी के साथ-साथ झाड़ू की भी खरीद की। झाड़ू को धन की देवी मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। कहते हैं कि यदि धनतेसर के दिन घर पर झाड़ू खरीदकर घर लाई जाए तो मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है। मान्यता के अनुसार आर्थिक तंगी से परेशान लोगों को झाड़ू अवश्य खरीद कर लानी चाहिए तथा उसे सफेद रंग के धागे से बांध देना चाहिए जिससे माता लक्ष्मी कृपा बनी रहती है। इसके अलावा लोगों को घर में झाड़ू को फर्श पर लिटाकर तथा घर के कोने में छिपाकर रखना चाहिए। जिससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है। आम दिनों में चालीस से पचास रुपये में बिकने वाली झाड़ू की कीमत अस्सी से एक सौ रुपये तक रही।

### साइबर ठगों ने लगाई महिला को साढ़े 94 हजार की चपत

**बहादुरगढ़।** शहर की निवासी एक महिला के साथ ठगी की वारदात हो गई। महिला ने गूगल से कस्टमर केयर का नंबर निकालकर ऑनलाइन बुक किए सामान के संबंध में बातचीत की तो कॉल साइबर ठगों के पास चली गई। शातिरों ने उसे साढ़े 94 हजार रुपये की चपत लगा दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सेक्टर-6 की निवासी एक महिला के साथ हुई है। महिला का कहना है कि उसने 15 अक्टूबर को एक ई-कॉमर्स वेबसाइट के ऑर्डर के संबंध में गूगल से जानकारी प्राप्त कर एक नंबर पर कॉल की। कॉलर को अपनी समस्या बताई। इस पर कॉलर ने कहा कि मैं आपको अपने मैनेजर की आईडी दे रहा हूं। उसने 94511 नंबर दिया और कहा कि इसे गूगल पे पर डालो। उसके बताए अनुसार किया तो खाते से 94 हजार 511 रुपये निकल गए। यह राशि किसी राम प्रवेश नाम के यूपीआई पर गई। अकाउंट से रुपये कटे तो ठगी का आभास हुआ। फिर साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। अब लिखित में शिकायत दी है। सेक्टर 6 थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

### बहादुरगढ़ में पदक विजेता विद्यार्थियों का किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** रोहद स्थित जूपीटर स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेलों में अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। स्कूल निदेशक राजकुमार रूहिल ने विजेता छात्राओं को बधाई दी। प्राचार्य राजपाल सिंह सनवाल ने भविष्य में भी स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। अंडर-11 ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में जूपीटर स्कूल की 5वीं कक्षा की नव्या और जतिन ने लॉन्ग जंप में प्रथम, हंसिका और नितिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सौ मीटर रेस में 5वीं कक्षा की सेजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौथी कक्षा की तन्वी ने शॉटपुट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप में यशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।



### प्लॉट में बैठे युवक पर लाठी, डंडों से हमला

**बहादुरगढ़।** पटेल नगर स्थित एक प्लॉट में बैठे युवक पर करीब आधा दर्जन युवकों ने हमला कर दिया। लाठी, डंडों से उस पर प्रहार किए। हमले में युवक को काफी चोट आई।वारदात विशाल के साथ हुई है। बिहार मूल के विशाल का कहना है कि वह यहां पटेल नगर में रहता है। कुछ दिन पहले एक युवक के साथ झगड़ा हो गया था। उस युवक ने हम पर केस दर्ज करा दिया। हाल ही में जब मैं वृंदावन वाटिका के पास एक प्लॉट में था तो वह युवक अपने कुछ साथियों संग आया। उनके हाथों में डंडे, रॉड आदि थे। पुराने झगड़े की रंजिश में उन्होंने मुझे मारने की नीयत से हमला कर दिया। बुरी तरह से मारपीट करने के बाद धमकी देकर चले गए। बाद में परिजनों ने मुझे अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, सूचना पाकर पुलिस अस्पताल में पहुंची और घायल के बयान लिए।

**बाल महोत्सव में दिखा उत्साह**

## संस्कारम स्कूल ने जीती ओवरऑल ट्राफी




झज्जर। होनहार प्रतिभागी विद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के विद्यार्थियों ने चार दिवसीय बाल महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा किया है। स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में 24 स्वर्ण पदक जीते।

विद्यार्थियों ने न केवल मंच कलाओं में अपनी छाप छोड़ी, बल्कि सोलो डांस, ग्रुप डांस, वन एक्ट प्ले और अभिनय प्रतियोगिता बेस्ट ड्रामेबाज में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा रचनात्मक कलाओं जैसे रंगोली, स्केचिंग, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, हैंड राइटिंग और कार्ड मेकिंग में भी महारत हासिल की, जबकि फैंसी ड्रैस और फन गेम्स जैसी स्पर्धाओं में भी अपनी धाक जमाई।

#### प्रतियोगिताओं में 24 विद्यार्थी प्रथम रहे

इन प्रतियोगिताओं में 24 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान, सात विद्यार्थी दूसरे स्थान पर और पांच विद्यार्थी तीसरे स्थान पर रहे। संस्कारम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने इस जीत को विद्यार्थियों के अनुशासन, मेहनत और नैतिक संस्कारों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह ओवरऑल ट्रॉफी हमारे संस्कारम परिवार के हर सदस्य के समर्पण का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं है, बल्कि छात्रों को सभ्य, संस्कारी और आत्मनिर्भर नागरिक बनाना है।



## खबर संक्षेप

### शोरूम में चोरी करने वालों का सुराग नहीं

**बहादुरगढ़।** कबाड़ी मार्केट स्थित कोमल ज्वैलर्स शोरूम में लूट की वारदात को दस दिन बीत गए हैं। मामले में कई टीमें भागदौड़ भी कर रही हैं, लेकिन अभी तक चोरों का सुराग नहीं लग पाया है। आठ अक्टूबर की सुबह करीब पौने चार बजे यह वारदात हुई थी। वैगनआर में सवार होकर आए पांच चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चार लाख कैश, दो किलो सोना और करीब 30 किलो चांदी पर हाथ साफ कर गए। इस संबंध में सिटी थाना, सीआईए सहित पांच टीमों ने भागदौड़ शुरू की। वारदात को बीते अब दस दिन हो चुके हैं लेकिन चोरों का कुछ सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ित शोरूम संचालक को न्याय का इंतजार है। बहादुरगढ़ में इससे पहले कई और चोरी की बड़ी वारदात हो चुकी हैं। ज्वैलर्स चोरी की वारदात जल्द सुलझाने की बात पुलिस द्वारा कही जा रही है।

### जानलेवा हमला करने के मामले में दो गिरफ्तार



**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा जानलेवा हमला करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी मातनहेल प्रभारी सत्यवीर ने बताया कि रेढ़ूवास निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। दो आरोपियों को पकड़ा गया है। आरोपियों की पहचान पूर्णमल व बंटी दोनों निवासी रेढ़ूवास जिला झज्जर के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों से वारदात में प्रयोग किया गया लाइसेंसी हथियार व डंडा बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### खंड स्तरीय खेलों में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# अंडर-11 एथलेटिक्स 100 व 400 मीटर लड़कों में दीपांशु प्रथम रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शनिवार को खंड स्तरीय स्कूल खेलों का आयोजन हुआ। अंडर 11 कबड्डी, खोखो, कुश्ती व एथलेक्टिस खेलों की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने करवाई। बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बीईओ शेर सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेलों से अनुशासन, सद्भावना को बल मिलता है। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक संघ बहादुरगढ़ ने स्मृति चिह्न देकर बीईओ का सम्मान किया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ की प्रिंसिपल मंजू रानी की देख रेख में ये खेल हुए। अंडर-11 एथलेटिक्स 100 व 400 मीटर लड़को में दीपांशु जसोरखेड़ी प्रथम रहा। जबकि 200 मीटर में रूद्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रथम रहा। लांग जंप में दक्षित छारा ने पहला स्थान हासिल किया। शॉट पुट में जतिन ज्यूपिटर स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं लड़कियों में 100 व 400 मीटर में शिवानी गुलिया मदर प्राइड स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह 200 मीटर में आशू सेंट सोल्जर स्कूल ने बाजी मारी। लांग जंप में हिमांशी रणवीर मॉडल स्कूल, हाई जंप प्रीशा डीएवी व शॉट पुट में तन्वी ज्यूपिटर स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया।



**बहादुरगढ़।** खंड शिक्षा अधिकारी व शिक्षकों के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी।

### माउंट व्यू में हुई निबंध व रंगोली प्रतियोगिता



**बहादुरगढ़।** विद्यार्थियों की बनाई रंगोली देखते स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर।

**बहादुरगढ़।** माउंट व्यू स्कूल में शनिवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देश को आत्मनिर्भर बनाने के विषय पर आधारिक इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। बच्चों ने अपने प्रभावी विचारों के माध्यम से यह बताया कि आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान देने की उनकी क्या योजनाएं हैं। उनके जोशीले शब्दों में देशभक्ति और स्वावलंबन की भावना झलक रही थी। दीपावली पर्व के अवसर पर विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं को सजाया, रंगोली बनाई और दीप प्रज्वलित किए। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर व प्रधानाचार्य सुरेंद्र छिल्लर ने बताया कि ऐसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, देशभक्ति, सहयोग भावना एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है।

### चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में विश्व सांख्यिकी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में वंदना और हर्ष जीते



**बहादुरगढ़।** प्रतियोगिता के दौरान निबंध लिखते बादली कॉलेज के छात्र-छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ मनीषा और निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में एआईएसएचई प्रभारी डॉ. रवींद्र ने विश्व सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्य मेजर आनंद काद्यान की अध्यक्षता में हुई इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बीएससी आनर्स की छात्रा वंदना और हर्ष प्रथम स्थान पर रहे। छात्रा प्रगति ने द्वितीय स्थान पाया। मनीषा और निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डॉ रमेश कुमार, विकास शर्मा व डॉ पूनम रानी ने निभाई। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में जमकर उत्साह देखने को मिला।

# बुराई का अंधकार मिटाएं, सच्चाई का प्रकाश फैलाएं

■ सैनिक पब्लिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सैनिक पब्लिक विद्यालय में शनिवार को दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विशेष प्रार्थना सभा में दिवाली के महत्व पर भाषण और कविताएं प्रस्तुत की गईं।

इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक और गीतों के माध्यम से रामायण की झलक दिखाई। विद्यालय को रंग-बिरंगी रंगोलियों, दीयों और फूलों से सजाया गया था। रंगोली और दीया सजावट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेता विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने सर्टिफिकेट देते हुए प्रोत्साहित किया। भारद्वाज ने कहा कि हमें अपने जीवन से बुराई रूपी अंधकार को मिटाकर सच्चाई रूपी प्रकाश को जीवन में लाना चाहिए। शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण के अनुकूल और पटाखा रहित दिवाली मनाने के लिए प्रेरित किया। मनमोहक पोशाकों में सजे बच्चों ने सबका मन मोह लिया।



**बहादुरगढ़।** विजेता प्रतिभागियों के साथ प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*






# एचडी साल्हावास में सीबीपी की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

अंकगणित, बीजगणित, ज्यामिति व सांख्यिकी के विषय में विस्तृत जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में कैपसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की मैथमेटिक्स सेकेंडरी की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

जिसमें कुशल प्रशिक्षक शिप्रा शर्मा और अनिल कुमार ने 22 विद्यालयों से आए 60 गणित अध्यापकों को बड़े ही सरल व सहज भाषा में अंकगणित, बीजगणित, ज्यामिति व सांख्यिकी के विषय में विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता और रिसोर्स पर्सन नीलम कुमारी के उचित दिशा-निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में गणित की अनेक शाखाओं और नई शिक्षा नीति के अनेक पहलुओं पर गहनत्तम जानकारी उपलब्ध कराई गई ताकि अध्यापक विद्यार्थियों को अच्छी टैक्नोलॉजी से उन्हें शिक्षित कर सके। एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड आनलाइन व ऑफ-लाइन दोनों तरीकों से पहले अध्यापकों को प्रशिक्षण देकर उन्हें पारंगत बना रहा है फिर वे विद्यार्थियों को हार्ड वर्क से नहीं बल्कि स्मार्ट वर्क से शिक्षा मुहैया कराएंगे। इससे हमारी शिक्षा प्रणाली में सुधार होगा, वहीं बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास हो सकेगा।



**झज्जर।** कार्यशाला के दौरान उपस्थित विषय विशेषज्ञ एवं अध्यापक।

### नूना माजरा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करवाया योगाभ्यास



**बहादुरगढ़।** छात्राओं को योगाभ्यास करवाते आचार्य जगदीश कुमार सहवाग।

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग द्वारा निशुल्क योग-प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। कैंप की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या पूनम मक्कड़ ने की। योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग ने विद्यार्थियों को अष्टांग योग के अलावा देश भक्ति, मातृ-पितृ सेवा, प्रकृति संरक्षण, शिक्षा का महत्त्व जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उनके अनुसार समाज से अज्ञानती, दुर्बलता व बुराई को समाप्त करना हमारा कर्तव्य है। विद्यार्थी आत्म-विश्वास, मनोबल और प्रयास के द्वारा हर मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर शिक्षिका मायाकौर, प्रीति, सुमन, प्रवीण, पूनम, सुमन व अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

### न्यायिक संग्रहालय में कलाकृतियों को भी देखा

# शीर्ष कोर्ट में घूमे जीडी गोयनका के विद्यार्थी

विद्यार्थियों में कानून और शासन के प्रति गहरी रुचि एवं सम्मान की भावना जागृत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ के कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने सर्वोच्च न्यायालय (सुको) का मार्गदर्शित भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने राष्ट्र की सर्वोच्च न्यायिक संस्था की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव किया। विद्यार्थियों ने प्रारंभ में न्यायालय परिसर का सामान्य अवलोकन किया और सर्वोच्च न्यायालय की पुरानी एवं नई इमारतों का भ्रमण किया। उन्हें परिसर की भव्य स्थापत्य कला एवं उसके विभिन्न भागों के प्रतीकात्मक महत्व से परिचित कराया गया। विद्यालय निदेशिका शैलजा जून ने कहा कि यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा। इस दौरान उन्होंने न्याय, लोकतंत्र एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका को समझा। अनेक विद्यार्थियों में कानून और शासन के प्रति गहरी रुचि एवं सम्मान की भावना जागृत की होगी। सर्वोच्च न्यायालय के बारे में जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ द्वारा यह भ्रमण संचालित किया गया। उन्होंने भ्रमण के दौरान अत्यंत रोचक एवं सूचनाप्रद जानकारी सांझा की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे महान नेताओं के भारतीय न्याय एवं संवैधानिक व्यवस्था में उनके अमूल्य योगदान के बारे में जाना। विद्यार्थियों को न्यायाधीशों के पुस्तकालय का भी अवलोकन कराया गया। उन्होंने न्यायिक संग्रहालय में भारत की न्यायिक व्यवस्था के विकास एवं इतिहास के दुर्लभ दस्तावेजों, छायाचित्रों और कलाकृतियों को भी देखा।



**बहादुरगढ़।** सर्वोच्च न्यायालय का भ्रमण करते जीडी गोयनका के विद्यार्थी।


